Questions raised on recruitment process of sweepers in Uttar Pradesh

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में 40 हजार सफाईकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया राज्य सरकार ने शुरू कर दी है, लेकिन इसमें सामने आ रही विसंगतियों को लेकर भी अब आवाज उठने लगी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व मेरठ से विधायक लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पत्र लिखकर इन विसंगतियों को दूर करने की मांग की है।

वाजपेयी ने कहा कि उप्र सरकार राज्य में 40 हजार सफाईकर्मियों की भर्ती कर रही है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में विसंगतियां ही नजर आ रही हैं। वाजपेयी ने कहा, ‘‘इसे लेकर पहले भी कई बार आवाज उठाई जा चुकी है। लेकिन सरकार की तरफ से कुछ नहीं किया गया।’’

उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर पांच अगस्त को मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, नगर विकास मंत्री आजम खान, मुख्य सचिव दीपक सिंघल, नगर आयुक्त मेरठ को पत्र लिखकर विसंगितयां दूर करने के बाद इस भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की मांग की गई है। वाजपेयी ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा है, ‘‘जारी किए गए शासनादेश में यह जिक्र किया गया कि सफाईकर्मियों की नियुक्ति को लेकर दो प्रमुख अखबारों में विज्ञापन निकालना होगा और विज्ञापन में 10 दिन की समय सीमा के भीतर आवेदन मांगे जाएंगे। लेकिन इनका सही तरीके से अनुपालन नहीं हो रहा है।’’